जलदाय मंत्री ने पूर्व राज्यपाल श्री सिंह के निधन पर शोक जताया

जयपुर, 08 मार्च। जलदाय एवं ऊर्जा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने पूर्व राज्यपाल श्री अंशुमान सिंह के निधन पर गहरा शोक जताया है।

डॉ. कल्ला ने अपने संवेदना संदेश में कहा कि श्री सिंह ने राजस्थान एवं गुजरात के राज्यपाल के पदों पर कार्य करते हुए सजगता से अपने दायित्वों का निर्वहन किया तथा संवैधानिक मूल्यों के प्रहरी के रूप में अलग छाप छोड़ी। राजस्थान के राज्यपाल के पद पर रहते हुए प्रदेश के चहूंमुखी विकास में योगदान दिया और अकाल राहत के कार्यों में भामाशाहों को गौधन को बचाने की प्रेरणा देकर सराहनीय पहल की। राज्य के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में उन्होंने जनता को न्याय दिया, वे गरीबों के प्रति सदैव संवेदनशील रहे। उनके निधन से देश ने कर्मठ व्यक्तित्व के धनी एक जाने-माने न्यायाधिपति व विधिवेत्ता को खो दिया है।

जलदाय एवं ऊर्जा मंत्री ने ईश्वर से दिवंगत की आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।